बरेली, रविवार
5 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4+4=22

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO, 07, MIDDLE

आइके कलेक्शन की धमाकेदार जीत निशु और दीक्षु बने जीत के नायक

एसआरएमएस में चल रहा टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6

एसआरएमएस में चल रहे मैच में प्लेयर्स ने खूब दिखाया दम.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (4 April): एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित 'श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6' में आईके कलेक्शन बरेली का जलवा बरकरार है. टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दूसरे और तीसरे मुकाबले जीतकर टूर्नामेंट में मजबूत पकड़ बना ली है.

किया शानदार प्रदर्शन

टूर्नामेंट के दूसरे मैच में आइके कलेक्शन ने एसएनएस बुलंदशहर को 150 रनों के विशाल अंतर से करारी शिकस्त दी. पहले बल्लेबाजी करते हुए आइके कलेक्शन ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट पर 269 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. निशु पटेल (75 रन, 24 गेंद), दीक्षु (74 रन) और कमल सिंह (59 रन) तक टिके. जवाब में बुलंदशहर की टीम मात्र 119 रनों पर सिमट गई. निशु पटेल ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए दो ओवर में मात्र नौ रन देकर चार विकेट झटके और 'मैन आफ द मैच' बने. तीसरे मैच में आइके कलेक्शन ने जीएसटी आरसीसी बरेली को छह विकेट से हराया.

छह विकेट से हराया

जीएसटी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 123 रनों पर ढेर हो गई. आइके कलेक्शन के गेंदबाज दीक्षु ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करते हुए आइके कलेक्शन ने महज 13 ओवरों में जीत हासिल कर ली, जिसमें दीक्षु ने नाबाद 44 रनों की पारी खेलकर 'मैन आफ द मैच' का खिताब जीता.

खेला जाएगा मुकाबला

रविवार दोपहर दो बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम 22 यार्ड्स पीलीभीत और शाम 6:30 बजे से जीएसटी आरसीसी इलेवन बनाम एसएनएस बुलंदशहर का मुकाबला खेला जाएगा.